सामाजिक विज्ञान

कक्षा 10

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में संस्कृति के योगदान को दर्शाने के लिए तीन उदाहरण दें।

उत्तर — यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में संस्कृति के योगदान को दर्शाने के लिए तीन उदाहरण इस प्रकार हैं

(i) रूमानीवाद सांस्कृतिक आंदोलन।

(ii) क्षेत्रीय बोलियाँ।

(iii) संगीत।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

प्रश्न 2. ऑटो वान बिस्मार्क को जर्मनी के एकीकरण का जनक क्यों कहा जाता है? दो कारण बताइए।

उत्तर – बिस्मार्क ने एक नवीन वैदेशिक नीति का सूत्रपात कर युद्ध को रोकने और शान्ति बनाए रखने के लिए गुटो का निर्माण किया तथा जर्मन भाषी राज्यों का एकीकरण करके शक्तिशाली जर्मन साम्राज्य स्थापित किया, इसी कारण उसे जर्मनी एकीकरण का जनक कहा जाता है।

प्रश्न 3. इटली के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका में निभाने वाले तीन नेताओं के नाम लिखिए।

उत्तर – (i) ज्यूसेपे मेत्सिनी, (ii) काउन्ट कैमिले दे काबूर, (iii) गैरीवाल्डी ।

प्रश्न 4. भारत के व्यवसायी वर्ग ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन का समर्थन क्यों किया ।

उत्तर- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत के व्यवसायी वर्ग ने बहुत अधिक धन कमाया। उन्होंने अपने व्यापार के विस्तार में अड़चन बनने वाली औपनिवेशिक नीतियों का विरोध किया जो उनकी व्यापारिक गतिविधियों में रुकावट उत्पन्न करती थीं। इसलिए उन्होंने न केवल आन्दोलन का समर्थन किया बल्कि इसे आर्थिक सहायता भी दी। इस आन्दोलन के समर्थन को एक अन्य महत्वपूर्ण कारण ब्रिटिश सरकार की भारतीय व्यापारियों के कारोबार पर औपनिवेशिक पाबंदियाँ लगाना भी था।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

प्रश्न 5. सत्याग्रह के विचार का क्या मतलब है ?

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

अथवा

सत्याग्रह पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

उत्तर – सत्याग्रह के विचार का मतलब है सत्य की शक्ति पर आग्रह और सत्य की खोज पर बल दिया जाना। इसका तात्पर्य यह है कि यदि हमारा उद्देश्य सत्य है, हमारा संघर्ष अन्याय के विरुद्ध है, तो उत्पीड़क से मुकाबला करने के लिए हमें किसी शारीरिक बल की जरूरत नहीं है। बदले की भावना या आक्रामकता का सहारा लिये बगैर सत्याग्रही केवल अहिंसा की सहायता से अपने संघर्ष में सफलता प्राप्त कर सकता है।

प्रश्न 6. असहयोग आन्दोलन के प्रमुख कारण क्या थे?

उत्तर- सन् 1919 ई० के रोलट एक्ट तथा जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड जैसी घटनाओं ने भारतीयों में अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध आक्रोश पैदा कर दिया। अत्याचार और कुशासन के इस वर्ष ने भारतीयों को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध बिगुल फूंकने को विवश कर दिया और देश में असहयोग आन्दोलन शुरू कर दिया। इस आन्दोलन के प्रणेता महात्मा गाँधी थे। इस आन्दोलन का रूप हिंसात्मक असहयोग था तथा 20 अगस्त 1920 ई० को यह पूर्ण रूप से शुरू कर दिया गया।

प्रश्न 7. गाँधी जी ने अपनी पुस्तक 'हिन्द स्वराज' में असहयोग आन्दोलन के पक्ष में क्या तर्क दिया?

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर- अपनी प्रसिद्ध पुस्तक हिन्दी स्वराज में महात्मा गाँधी ने कहा था कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से ही स्थापित हुआ था और यह शासन इसी सहयोग के कारण चल पा रहा है ।

प्रश्न 8. ब्रेटन वुड्स समझौते का क्या अभिप्राय है? उत्तर- ब्रेटन वुड्स समझौता एक विचार है जिसका प्रधान लक्ष्य औद्योगिक विश्व में आर्थिक स्थायित्व एवं पूर्ण रोजगार की स्थिति को कायम रखना था। वास्तव में इस समझौते या विचार की उत्पत्ति इस परिणाम के पश्चात् हुई कि किसी देश के आर्थिक स्थायित्व का बाकी देशों पर भी प्रभाव पड़ता है क्योंकि वर्तमान युग में सभी देश एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

प्रश्न 9. संसाधन का अर्थ बताइये ।

उत्तर - मानव की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखने वाले साधन, पदार्थ या घटना संसाधन कहलाते हैं ।

प्रश्न 10. मिट्टी अपरदन क्या है?

उत्तर - मृदा का बहते जल या वायु के द्वारा अपने स्थान से कटाव होकर अथवा बहकर या उड़कर अन्य स्थानों में स्थानान्तरण मिट्टी अपरदन कहलाता है।

प्रश्न 11. प्राकृतिक संसाधनों के नाम लिखिए।

उत्तर - प्रकृति द्वारा प्रदान वह पदार्थ जो मानव के लिए उपयोगी है, प्राकृतिक संसाधन कहलाते हैं। वायु, जल, मृदा, खनिज, ऊर्जा पदार्थ, वन आदि मुख्य प्राकृतिक संसाधन हैं।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

प्रश्न 12. जलोढ़ मृदा की दो विशेषताएँ लिखिए।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर – जलोढ़ मृदा की दो विशेषताएँ निम्नलिखित हैं - (i) जलोढ़ मृदा उपजाऊ मृदा होती है क्योंकि इसका जमाव बाढ़ के दौरान नदियों द्वारा लाये गये अवसाद से होता है। (ii) जलोढ़ मृदा उत्तरी भारत के विशाल मैदान में बहुतायत में पायी जाती है। पूर्वी तट के नदी डेल्टाओं में जलोढ़ मिट्टी के निक्षेप पाये जाते हैं।

प्रश्न 13. तीन राज्यों के नाम बताएँ जहाँ काली मृदा पायी जाती है। इस पर मुख्य रूप से कौन-सी फसल उगाई जाती है?

उत्तर – काली मृदा मुख्यतः महाराष्ट्र, गुजरात और आन्ध्र प्रदेश में पायी जाती है। इस मृदा पर मुख्य रूप से कपास की कृषि की जाती है।

प्रश्न 14. जैव विविधता का अर्थ बताइये।

उत्तर-धरातल पर प्रकृति द्वारा पेड़-पौधों एवं प्राणि जगत जो विभिन्न प्रकार की प्रजातियाँ मिलती हैं. जैव विविधता कहलाती है। यह प्रकृति की अनुपम भेट है अतः इसका संरक्षण अत्यन्त आवश्यक है।

प्रश्न 15. मैंग्रोव वन कहाँ पाये जाते हैं?

उत्तर-तट के सहारे एवं नदियों के डेल्टाई भागों में मैंग्रोव वन पाये जाते हैं।

प्रश्न 16. सरदार सरोवर बाँध किस राज्य में है?

उत्तर- सरदार सरोवर बाँध गुजरात राज्य में स्थित है।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

प्रश्न 17. गुजरात राज्य में सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बना है?

उत्तर- नर्मदा नदी पर ।

प्रश्न 18. किसने बाँधों को आधुनिक भारत के मन्दिर कहा था?

उत्तर-भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पं० जवाहरलाल नेहरू ने बांधों को आधुनिक भारत के मन्दिर कहा था ?

प्रश्न 19. जल पुनर्भरण के दो माध्यम के नाम लिखिए।

उत्तर-जल पुनर्भरण के दो माध्यम निम्नलिखित हैं

(i) वर्षा जल का संग्रह।

(ii) वन एवं वनस्पति क्षेत्रों का संरक्षण

प्रश्न 20. भारत में सबसे पहला जल विद्युत केन्द्र कहाँ और कब स्थापित किया गया?

उत्तर -भारत में सबसे पहला जल विद्युत केन्द्र कर्नाटक राज्य में 1982 ई० में कावेरी नदी पर शिवा समुद्रम बाँध बनाकर स्थापित किया गया।

प्रश्न 21. वर्षा जल संग्रहण के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर - (i) वर्षा जल संग्रहण द्वारा जल की बढ़ती माँग की आपूर्ति होती है।

(ii) वर्षा जल संग्रहण भूमिगत जल स्तर की वृद्धि में सहायक है। इसके संग्रहण से नगरों में व्याप्त जलभराव की समस्या को नियन्त्रित किया जा सकता है।

प्रश्न 22. देश के किस राज्य में वर्षा जल संग्रहण करना अनिवार्य है।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर - तमिलनाडु राज्य।

प्रश्न 23. जल संभर क्षेत्र का अर्थ बताइये।

उत्तर- एक ऐसा भू-आकृति क्षेत्र जिसमें विभिन्न उपक्षेत्रों का जल वृद्धि हेतु समन्वित विकास किया गया हो, जल संभर क्षेत्र कहलाता है।

प्रश्न 24. भारत का सबसे ऊँचा जल प्रपात कौन-सा है ?

उत्तर- कुंचीकल जल प्रपात ।

प्रश्न 25. भारत में चावल उत्पादक दो प्रमुख राज्यों के नाम लिखिए।

उत्तर – भारत में चावल उत्पादक दो प्रमुख राज्यों के नाम निम्नलिखित हैं

(i) पश्चिमी बंगाल, (ii) पंजाब।

प्रश्न 26. रबी तथा खरीफ की एक (दो) फसल का नाम लिखिए।

उत्तर – रबी की फसलें हैं— गेहूँ, चना आदि।

खरीफ की फसलें हैं— चावल, मक्का आदि।

प्रश्न 27–मक्का की खेती के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर - मक्का की खेती के लिए पुरानी जलोढ़ मिट्टी उत्तम - होती है। इसके लिए 21° सेल्सियस से 27° सेल्सियस तापमान तथा 75 से 100 सेमी० वर्षा वाले क्षेत्र उपयुक्त माने जाते हैं। मक्का मूलत: खरीफ की फसलें हैं। परन्तु कुछ राज्यों में यह रबी की ऋतु में भी उगाई जाती हैं।

प्रश्न 28. भारत में उगाई जाने वाली दो मुख्य रेशेदार फसलों के नाम लिखिए।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज
ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर - जूट एवं कपास ।

प्रश्न 29. एक पेय फसल का नाम बताएँ तथा उसको उगाने लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण दें।

उत्तर – चाय एक पेय फसल है। इसको उगाने के लिए उष्ण - कटिबन्धीय जलवायु, ह्यूमस और जीवांशयुक्त गहरी मिट्टी तथा सुगम जल निकास वाले ढलवाँ क्षेत्र उपयुक्त रहते हैं।

प्रश्न 30. गैर परम्परागत ऊर्जा के दो साधन बताइये।

उत्तर-गैर परम्परागत ऊर्जा के दो साधन निम्नलिखित हैं

(i) सौर ऊर्जा, (ii) पवन ऊर्जा।

प्रश्न 31. एल० पी० जी० और सी० एन० जी० के पूरे नाम लिखिए।

उत्तर - (i) एल० पी० जी० का पूरा नाम लिक्वीफाइड पेट्रोलियम गैस है। (Liquefied Petroleum Gas) (ii) सी० एन० जी० का पूरा नाम कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस है। (Compressed Natural Gas) है ।

प्रश्न 32. मैंगनीज का क्या उपयोग है?

उत्तर- मैंगनीज अयस्क मुख्यत: लौह-इस्पात बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त मैंगनीज से कीटनाशक रंग रोगन आदि पदार्थ भी बनाये जाते हैं।

प्रश्न 33. वायु परिवहन के दो लाभ बताइए।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर - वायु परिवहन के दो लाभ निम्नलिखित हैं

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

(i) यह अत्यधिक तीव्रग्रामी परिवहन का साधन है।

(ii) दुर्गम और आपदा ग्रस्त क्षेत्रों के लिए इससे उत्तम कोई परिवहन साधन नहीं है ।

प्रश्न 34. भारतीय अर्थव्यवस्था में वायु- यातायात के दो महत्त्व बताइये।

उत्तर - वायु यातायात के दो महत्त्व निम्नलिखित हैं

(i) यह यातायात अन्य यातायात साधनों की अपेक्षा शीघ्रगामी है।

(ii) आपातकाल एवं युद्धकाल में यही यातायात साधन सबसे अधिक उपयोगी रहता है।

प्रश्न 35. सड़क परिवहन के तीन गुण बताएँ।

उत्तर – सड़क परिवहन के तीन गुण निम्नलिखित हैं

(i) सड़क परिवहन दुर्गम एवं दूरस्थ स्थानों को जोड़ता है।

(ii) सड़कों का निर्माण विषम धरातल वाले भागों में भी किया जा सकता है।

(iii) सड़क परिवहन अन्य परिवहन साधनों के लिए सम्पूरक परिवहन साधन है।

प्रश्न 36. रेल परिवहन कहाँ पर अत्यधिक सुविधाजनक परिवहन साधन है तथा क्यों?

उत्तर – रेल परिवहन समतल धरातलीय भागों में सुविधा पूर्वक विकसित किए जाते हैं क्योंकि ऐसे भू-भाग रेल लाइन बनाने के लिए सुगम एवं सस्ते होते हैं। यही कारण है कि भारत के उत्तरी विशाल मैदान में सघन रेल जाल पाया जाता हैं

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

प्रश्न 37. अमेरिकी समाज के दो सामाजिक विभाजन कौन-कौन से हैं?

उत्तर- गौरे (श्वेत) और नीग्रो (अश्वेत) |

प्रश्न 38. सामाजिक विभिन्नता के दो प्रमुख कारक बताइए।

उत्तर - (i) जाति, (ii) धर्म ।

प्रश्न 39. 'सूचना का अधिकार' से क्या तात्पर्य है?

उत्तर – 'सूचना का अधिकार', सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को प्राप्त वह अधिकार है जिसके अंतर्गत सरकारी रिकार्डों और प्रपत्रों में दर्ज सूचना को देखा और उसे प्राप्त किया जा सकता है। जम्मू एवं कश्मीर को छोड़कर भारत के सभी भागों में यह अधिनियम लागू है।

प्रश्न 40. साम्प्रदायिकता लोकतंत्र के लिए घातक है। दो कारण लिखिए।

उत्तर – (i) साम्प्रदायिकता के कारण विभिन्न सम्प्रदायों के मध्य एक प्रकार की पृथकता एवं अलगाव की भावना उत्पन्न हो जाती है।

(ii) साम्प्रदायिकता देगों एवं हिंसा को जन्म देती है।

प्रश्न 41. लोकतंत्र के लिए जातिवाद घातक है। इसके दो कारण बताइए।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज
ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर – (i) राष्ट्रीय एकता में बोधक।

(ii) भ्रष्टचार एवं अनैतिकता में वृद्धि |

प्रश्न 43. जातिगत भेदभाव से मुक्त समाज की व्यवस्था बनाने वाले दो समाज सुधारकों के नाम बताइये।

उत्तर - ज्योतिबा फुले एवं ई० वी० रामास्वामी पेरियार ।

प्रश्न 44. भारत में सामाजिक विभाजन का आधार क्या है?

उत्तर - भारत में सामाजिक विभाजन जाति के आधार पर किया गया है।

प्रश्न 45. कानून का शासन किस शासन व्यवस्था में देखने को मिलता है?

उत्तर – कानून का शासन लोकतन्त्रात्मक शासन व्यवस्थाओं में देखने को मिलता है।

प्रश्न 46. विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कौन-सा हैं?

उत्तर- भारत।

प्रश्न 47. निम्न में कौन-सी शासन व्यवस्था सामान्यतः बेहतर मानी जाती है -

(i) राजतंत्र (ii) तानाशाही (iii) लोकतंत्र

उत्तर-(iii) लोकतंत्र

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज
ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

प्रश्न 48. लोकतन्त्र की किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर – (i) लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं का विस्तार करना । (ii) लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाना।

प्रश्न 49. भारत में परमाणु ऊर्जा के दो केन्द्रों के नाम का उल्लेख कीजिए।

उत्तर – (i) तारापुर - महाराष्ट्र

(ii) नरोरा - उत्तर प्रदेश

प्रश्न 50. देश की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर प्रति व्यक्ति आय निकाली जाती है। यह कथन सही है अथवा गलत?

उत्तर – कथन सही है ।

प्रश्न 51. भारत के किस राज्य में प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है?

उत्तर – गोवा में प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है।

प्रश्न 52. राष्ट्रीय आय से क्या अभिप्राय है?

उत्तर- राष्ट्रीय आय अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन की एक बुनियादी माप है। यह एक वर्ष में एक राष्ट्र की सीमा के भीतर सभी अंतिम माल और सेवाओं का बाजार मूल्य है।

प्रश्न 53. एच०डी०आई० (H.D.I.) का पूरा नाम लिखिए।

उत्तर – 'ह्यूमन ड्वलपमेन्ट इन्डेक्स' अर्थात् मानव विकास सूचकांक।

प्रश्न 54. संगठित क्षेत्र को परिभाषित कीजिए।

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर - संगठित क्षेत्र उन कार्य स्थलों को कहते हैं जहाँ रोजगार की अवधि नियमित होती है, कार्य की समय-सीमा सुनिश्चित होती है तथा सरकारी नियमों एवं विनियमों का पालन किया जाता है।

प्रश्न 55. उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले तीन भौतिक कारक बताइए।'

उत्तर – (i) स्थान की प्रसिद्धि ।

(ii) कुशल श्रमिकों की उपलब्धि ।

(iii) पूँजी की बहुलता

(iv) अनुसंधान तथा प्रशिक्षण की उपलब्धता ।

प्रश्न 56. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) की स्थापना कब हुई?

उत्तर – सन् 1995 में ।

प्रश्न 57. उदारीकरण क्या है?

उत्तर – देशों के बीच मुक्त व्यापार को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा अवरोधों अथवा प्रतिबन्धों को हटाने की प्रक्रिया को उदारीकरण कहते हैं।

प्रश्न 58. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।

उत्तर – स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है -

(i) निजि क्षेत्र के उद्योग

(ii) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग।

प्रश्न 59. सूचना का अधिकार से क्या तात्पर्य है?

ज्ञानसिंधु कोचिंग क्लासेज

उत्तर- सूचना का अधिकार (R.T.I.) भारत में अक्टूबर 2005 ई० को पारित किया गया कानून है, जिसके अन्तर्गत देश के नागरिकों को सरकारों के कार्य-कलापों की सूचना पाने का अधिकार है।

प्रश्न 60. आई० एस० आई०, एगमार्क क्या हैं?

उत्तर – आई० एस० आई० और एगमार्क प्राथमिक चिन्ह हैं, जो खाद्य पदार्थों तथा अन्य उत्पादों की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हैं ।